# शुल्क विवरणिका – 20.... – 20....

| शुल्क विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कक्षा | शासकीय | अशासकीय | जनभागीदारी | कुल |
| B.Com./ B.A./ B.Sc. I | 140/– | 564/– | 350/– | 1054/– |
| B.Com./ B.A./ B.Sc. II, III | 140/– | 504/– | 350/– | 994/– |

1. शासन द्वारा छात्राओं एवं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों को रू. 115.00 शिक्षण शुल्क में छूट है।
2. बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी. भाग दो और तीन के नियमित छात्राओं को सुरक्षा निधि 60 रू. नहीं लगेगा।

आर्थिक दण्ड (Penal Charges) :–

1. जनरल फाईन (गैर प्रायोगिक विषय) : रू. 25.00
   (प्रायोगिक विषय) : रू. 25.00 प्रति प्रायोगिक विषय
2. ग्रन्थालय में समय पर पुस्तक जमा नहीं करने पर : रू. 0.5 प्रतिदिन
3. प्रवेश हेतु जारी सूची की तिथि के अन्तर्गत शुल्क जमा नहीं करने पर 100.00 विलंब शुल्क (07 दिवस तक) उसके पश्चात् प्राचार्य की अनुमति लेनी होगी।
4. यदि कोई अन्य त्रुटि/सुधार हो तो सूचना पटल पर सूचना दी जायेगी।
5. आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करें :–
   1. अंतिम परीक्षा अंकसूची (स्व प्रमाणित)
   2. दसवीं की अंकसूची (स्व प्रमाणित)
   3. स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (छायाप्रति)
   4. जाति/निवास/रक्त समूह
   5. खेल–कूद प्रमाण पत्र
   6. नवीन प्रवेशार्थी को बोर्ड/समकक्ष परीक्षा संस्थान द्वारा जारी की गई प्रवजन प्रमाण पत्र (माइग्रेशन प्रमाण पत्र)

(अ) आउटडोर : क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो–खो, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिन्टन, कबड्डी

(ब) इन्डोर : कैरम, शतरंज

9. रेमेडियरल / ट्यूटोरियल / विशेष कक्षाएँ : इस महाविद्यालय के प्राध्यापकों के द्वारा हर कक्षा के कमजोर एवं देदीप्यमान छात्रों को पहचान कर उनके लिए आवश्यकता अनुसार रेमेडियल / ट्यूटोरियल / विशेष कक्षाएँ ली जाती हैं।

10. अतिथि व्याख्यान : महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में व्याख्यान हेतु विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है।

## शैक्षणेत्तर गतिविधियाँ

गतिविधि समितियाँ (Activity Society) : विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये इस महाविद्यालय में निम्नलिखित समितियों का गठन किया जाता है।

1. सांस्कृतिक समिति (Cultural Society)
2. सामाजिक गतिविधि समिति (Social Activity Society)
3. विज्ञान समिति (Science Society)
4. क्रीड़ा समिति (Sports Society)
5. लैंगिक मामलों की समिति (Gender Issue Society)
6. पर्यावरण समिति (Eco Society)
7. अनुशासन समिति (Discipline Society)
8. ऐंटीरैगिंग समिति (Antiraging Society)
9. भौतिक सत्यापन समिति (Cultural Society)
10. रेडक्रॉस समिति (Redcross Society)

**शैक्षणिक भ्रमण** : महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं को उनके विषय का व्यावहारिक ज्ञान विकास हेतु भ्रमण के लिए ले जाया जाता है।

**संगोष्ठी/कार्यशाला/वाद–विवाद/प्रश्नमंच/विज्ञान प्रदर्शनी** : स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए समय–समय पर विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी/कार्यशाला/वाद–विवाद/प्रश्नमंच/पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन इस महाविद्यालय में किया जाता है।

**भूतपूर्व विद्यार्थी समिति (Alumni Association)** : राष्ट्र, राज्य एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी एवं योगदान देने वाली इस महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र–छात्राओं का यह संगठन विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श, अनुभव, स्मृतियों, मार्गदर्शन एवं इस महाविद्यालय के विकास में अपना योगदान देता है।

**शिक्षक पालक समिति** : पालकों एवं शिक्षकों के बीच विचारों के आदान–प्रदान, विद्यार्थियों के विकास एवं समस्याओं के समाधान के लिये पालक शिक्षक समिति गठित की जाती है, जिसकी बैठक वर्ष में अगस्त, अक्टूबर और दिसंबर के तीसरे शनिवार को 3.00 बजे दोपहर को आयोजित की जाती है।

**एन्टी रैगिंग समिति** : महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले कनिष्ठ विद्यार्थी को वरिष्ठ विद्यार्थी द्वारा किसी भी तरह से परेशान/प्रताड़ित न किया जावे इस हेतु महाविद्यालय में एन्टी रैगिंग समिति गठित की जाती है एवं सावधानीपूर्वक निगरानी रखती है। पूर्व समय से महाविद्यालय में रैगिंग संबंधी कोई प्रकरण/समस्या नही है। फिर भी सावधानी के दृष्टिकोण से यह समिति गठित की जाती है।

**पुरस्कार वितरण समारोह** : वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं/मेधावी छात्र/छात्राओं को शिक्षकों की एक समिति के द्वारा अनुशंसित विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

**आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ** : इस महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ के लिए प्राध्यापकों की एक समिति गठित की जाती है।

